Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to construct an elevated road from Anwarganj to Mandhana in Kanpur City.

श्री देवेन्द्र सिंह 'भोले '(अकबरपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले आपको होली के त्योहार की बहुत-बहुत शुभकामनाएं और आपके साथ ही पूरे सदन को शुभकामनाएं देता हूँ ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन और सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूँ, उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर नगर और अकबरपुर में जाम की समस्या के निदान हेतु आपसे कुछ निवेदन करना चाहता हूँ । मान्यवर, कानपुर महानगर में जाम की विकराल समस्या है । लगभग एक करोड़ की आबादी वाला कानपुर शहर जीटी रोड के कारण दो भागों में बंटा हुआ है । इस कारण तमाम ऐसी शिक्षण संस्थाएं हैं, मेडिकल कॉलेज, यूनिवर्सिटी, कृषि विश्वविद्यालय, जेके कैंसर अस्पताल, एसपीटीआई, तमाम ऐसी शिक्षण संस्थाएं और तमाम विकास भवन, जिसके कारण आवागमन में बाधा होती है । रेलवे फाटक से मालगाड़ियां और तमाम गाड़ियां निकने के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है । इसके लिए हमारे द्वारा निवेदन पर वर्ष 2017-18 में वहां अनवरगंज से और मंदना तक एलिवेटिड रोड का बजट रखा गया था । लेकिन किन्हीं कारणों से वह नहीं हो पाया । इसके बाद दोबारा मेरे निवेदन पर माननीय पीयूष गोयल जी ने, तत्कालीन रेल मंत्री थे, तब कानपुर में एक सर्वे करवाया, जिसको बिठूर से मंदना और पनकी जोड़ने की बात हुई थी । उसका सर्वे भी हो गया था, लेकिन वह समस्या आज भी उसी तरीके से पड़ी हुई है । जाम के कारण आए दिन तमाम दुर्घटनाएं होती हैं, एंबुलेंस और अस्पतालों में जाने वाले लोगों को कठिनाई होती है ।

पुन: माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है । वैसे मैंने कल इस विषय को सदन में रख दिया था । लेकिन चूंकि जीरो ऑवर में पहले जा चुका था, इसलिए मेरा निवेदन है कि इस पर संज्ञान लेते हुए एक समुचित कार्रवाई कर के निजात दिलाने की कृपा आपके माध्यम से होगी ।